| दिनांक 30.11.2024 |
| --- |
| प्रेस विज्ञप्ति 42/2024 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद देवरिया/थाना एकौना**

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा मय कारतूस बरामद**

दिनॉकः 30.11.2024 को थाना एकौना पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम नगवा खास सीकट बंधे के पास से पुलिस कार्यवाही में पुरस्कार घोषित अभियुक्त राहुल उर्फ रहीमूल घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा मय कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त जनपद देवरिया से वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना एकौना पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1– राहुल उर्फ रहीमूल निवासी रानीपुर भिटहा कौड़ीराम थाना बांसगांव जनपद गोरखपुर।

**बरामदगी**

1–01 मोटर साइकिल।

2–01 अवैध तमंचा मय कारतूस।

## जनपद सहारनपुर/थाना गागलहेडी

- **15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **आधार कार्ड, पैन कार्ड, एटीएम कार्ड आदि बरामद**

दिनॉकः 29.11.2024 को थाना गागलहेडी पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम रूण्डाली को जाने वाले रास्ते से पुरस्कार घोषित अभियुक्त जुबैर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से आधार कार्ड, पैन कार्ड, एटीएम कार्ड आदि बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना गागलहेडी पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना गागलहेडी पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—जुबैर निवासी चुडियाला थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार, उत्तराखण्ड।

**बरामदगी**

1—आधार कार्ड, पैन कार्ड, एटीएम कार्ड आदि।

## जनपद कौशाम्बी/थाना संदीपनघाट

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट की घटना का अनावरण**
- **लूट के 01 लाख 05 हजार रूपये नगद**
- **01 लाख रूपये का चेक**
- **01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि बरामद**

दिनॉकः 30.11.2024 को थाना संदीपनघाट व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर विभिन्न स्थानों से अभियुक्त 1—मो0 गुफरान 2—सलमान

को गिरफ्तार कर लूट की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के 01 लाख 05 हजार रूपये नगद, 01 लाख रूपये का चेक, 01 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना संदीपनघाट क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना संदीपनघाट पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपये/चेक उक्त घटना से सम्बन्धित हैं। गिरफ्तार अभियुक्त सलमान के विरूद्ध जनपद प्रतापगढ़, कौशाम्बी, कमिश्नरेट प्रयागराज के विभिन्न थानों पर चोरी, लूट, सीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 09 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना संदीपनघाट पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–मो0 गुफरान  निवासी चफरी थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।

2–सलमान निवासी मितवापुर थाना संदीपनघाट जनपद कौशाम्बी।

**बरामदगी**

1–लूट के 01 लाख 05 हजार रूपये नगद।

2–01 लाख रूपये का चेक।

3–01 मोटर साइकिल।

4–1 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि।

**कमिश्नरेट आगरा/थाना ताजगंज**

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 14 हजार रूपये नगद**
- **चोरी के 02 मोबाइल फोन**
- **घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनॉकः 30.11.2024 को थाना ताजगंज पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ब्रहम नगर तिराहा से अभियुक्त सतीश को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के

कब्जे/निशादेही से चोरी के 14 हजार रूपये नगद, चोरी के 02 मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना ताजगंज क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना ताजगंज पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद रूपये आदि चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित हैं। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध कमिश्नरेट आगरा के विभिन्न थानों पर चोरी, लूट, आर्म्स एक्ट आदि के 08 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना ताजगंज पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–सतीश निवासी ग्राम नगला बेहड़ थाना डौकी, आगरा।

**बरामदगी**

1–चोरी के 14 हजार रूपये नगद।

2–चोरी के 02 मोबाइल फोन।

3–घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल।

4–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

## जनपद गोण्डा/थाना नवाबगंज

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 10 मोटर साइकिल बरामद**

दिनॉकः 30.11.2024 को थाना नवाबगंज पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर चेकिंग के दौरान दुल्लापुर क्रासिंग के पास से 02 अभियुक्तों 1–विजय 2–अमित को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 10 मोटर साइकिल बरामद हुई।

इस सम्बन्ध में थाना नवाबगंज पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—विजय निवासी टिकरी थाना वजीरगंज जनपद गोण्डा।

2—अमित निवासी मंहगूपुर थाना नवाबगंज जनपद गोण्डा।

**बरामदगी**

1—चोरी की 10 मोटर साइकिल।

**जनपद आजमगढ़/थाना जीयनपुर**

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 04 लाख 80 हजार रूपये कीमत के 48 किलो 06 ग्राम अवैध गांजा**
- **4270/—रूपये नगद**
- **04 मोबाइल फोन**
- **01 कार बरामद**

दिनॉकः 30.11.2024 को थाना जीयनपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर चेकिंग के दौरान मऊ बार्डर बैरियर इमिलिया से 03 अभियुक्तों 1—अनिल 2—रामचन्द्र 3—अंकित को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 04 लाख 80 हजार रूपये कीमत के 48 किलो 06 ग्राम अवैध गांजा, 4270/—रूपये नगद, 04 मोबाइल फोन, 01 कार बरामद हुयी।

इस सम्बन्ध में थाना जीयनपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—अनिल निवासी भादों थाना दीदारगंज जनपद आजमगढ़।

2—रामचन्द्र निवासी चरउवा थाना कप्तानगंज जनपद आजमगढ़।

3—अंकित निवासी बाजार गोसाई थाना रौनापार जनपद आजमगढ़।

**बरामदगी**

1—लगभग 04 लाख 80 हजार रूपये कीमत के 48 किलो 06 ग्राम अवैध गांजा।

2—4270/—रूपये नगद।

3—04 मोबाइल फोन।

4—01 कार।

**जनपद बहराइच/थाना रूपईडीहा**

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 09 मोटर साइकिल बरामद**

दिनॉकः 30.11.2024 को थाना रूपईडीहा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर आईसीपी रोड खुसली गॉव मोड़ से 03 अभियुक्तों 1—तौफीक उर्फ संजय 2—रमजान उर्फ सरदार 3—निर्मल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 09 मोटर साइकिल बरामद हुयी।

इस सम्बन्ध में थाना रूपईडीहा पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—तौफीक उर्फ संजय निवासी ग्राम अलीनगर खुर्द थाना नवाबगंज जनपद बहराइच।

2—रमजान उर्फ सरदार निवासी ग्राम अलीनगर खुर्द थाना नवाबगंज जनपद बहराइच।

3—निर्मल निवासी ग्राम चिरैधा थाना मोतीपुर जनपद बहराइच।

**बरामदगी**

1—चोरी की 09 मोटर साइकिल।

- **<u>जनपद हमीरपुर/थाना कोतवाली नगर (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को सश्रम आजीवन कारावास की सजा व 40 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद हमीरपुर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद हमीरपुर द्वारा थाना कोतवाली नगर पर पंजीकृत अभियोग में धारा 376 भादवि व एससी/एसटी एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त बलवीर को सश्रम आजीवन कारावास व 40 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद अमरोहा/थाना नौगावां सादात (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 03 अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा व 20–20 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद अमरोहा पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद अमरोहा द्वारा थाना नौगावां सादात पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302/328 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त 1–राजीव 2–राजेश 3–सुन्दर को आजीवन कारावास व 20–20 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद सहारनपुर/थाना कोतवाली देहात (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 03 अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा व 10–10 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद सहारनपुर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद सहारनपुर द्वारा थाना कोतवाली देहात पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302/34 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त 1–इकबाल 2–वसीम 3–इकराम उर्फ गूगा को आजीवन कारावास व 10–10 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद बलिया/थाना फेफना (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 25 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा व 30 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद बलिया पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद बलिया द्वारा थाना फेफना पर पंजीकृत अभियोग में धारा 363/366 भादवि व 06 पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त हर्ष राम उर्फ बाबी को 25 वर्ष के सश्रम कारावास व 30 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>कमिश्नरेट आगरा (गैंगेस्टर एक्ट में लगभग 01 करोड़ रूपये कीमत की सम्पत्ति कुर्क/जब्तीकरण की कार्यवाही)</u>**

कमिश्नरेट आगरा पुलिस ने अभियुक्त मो0 इमरान पुत्र ग्यास उर्फ मुन्ना निवासी मुण्डा पाड़ा ढोलीखार थाना मंटोला, आगरा द्वारा अवैध रूप से अर्जित की गयी अचल सम्पत्ति कीमत करीब 01 करोड़ रूपये को गैंगेस्टर एक्ट की धारा 14(1) के अन्तर्गत कुर्क/जब्तीकरण की कार्यवाही अमल में लायी गयी।

-----